**<u>समाचार</u>**

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई के लिए उनकी जनता का हित सर्वोपरि था – उद्योग मंत्री

**(नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आयोजित देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती समारोह में पहुंचे उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, पार्षदों व जनप्रतिनिधियों ने दी अपनी विशिष्ट उपस्थिति )**




कोरबा 27 मई 2025 – उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज कहा कि पुण्यश्लोका, लोकमाता, न्यायप्रिय शासिका देवी अहिल्याबाई के लिए उनकी जनता का हित सर्वोपरि था, उनका सारा जीवन संघर्षो में बीता, किन्तु उन्होने अपने सिद्धांतों व आदर्शो के साथ कभी समझौता नहीं किया, देवी अहिल्याबाई एक धर्मप्रिय व न्यायप्रिय शासिका थी, जब न्याय करने की बात आई तो उन्होने अपने पुत्र को भी दण्डित किया । मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि देवी अहिल्याबाई जैसी महान हस्तियॉ सदैव अमर रहती हैं, उनके शरीर का अवसान अवश्य हो जाता है किन्तु उनके महान कार्य, उनकी यशोगाथा सदैव जिंदा रहती है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आयोजित देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती समारोह के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा घंटाघर स्थित सियान सदन में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया। प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांग ने समारोह में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की, वहीं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन सहित निगम के अन्य पार्षदगणों, जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी विशिष्ट उपस्थिति दी। उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने देवी अहिल्याबाई होलकर के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ कराया। समारोह को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के महान कार्यो की बदौलत आज हम 300

साल बाद भी उन्हें पूरी श्रद्धा व गरिमा के साथ याद कर रहे हैं, देवी अहिल्याबाई ने अपने शासन के दौरान जनता के हितों को सर्वोच्च स्थान पर रखा तथा जनता के लिए अपना सब कुछ समर्पित करने के लिए वे संकल्पित रहती थी, मैं इस मौके पर लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर को श्रद्धासुमन अर्पित करता हूॅ। इस मौके पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने सियान सदन के विस्तार के संबंध में कहा कि ’’ हमने बनाया है – हम ही संवारेंगे ’’ की तर्ज पर निश्चित रूप से सियान सदन का विस्तार किया जाएगा, यहॉ सुविधाएं बढ़ाई जाएगी, उन्होने कहा कि सदन के वरिष्ठ नागरिकों की इच्छा का सम्मान करते हुए सियान सदन में ए.सी. की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है, आगे भी वरिष्ठ नागरिकों की इच्छा का मान रखते हुए उनकी इच्छा के हिसाब से सियान सदन का विस्तार किया जाएगा।

**<u>प्रजा का पालन संतान के समान करती थी देवी अहिल्याबाई</u>** –इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि रानी अहिल्याबाई अपनी प्रजा का पालन अपने संतान के समान करती थी, वे प्रजा के सुख–दुख का पूरा ध्यान रखती थी। उन्होने कहा कि वीरांगना, पुण्यश्लोका, लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर ...... एक ऐसी बेटी जिसने अपने पिता की उम्मीदों को साकार किया, एक ऐसी पत्नी जिसने अपने पति के आदर्शो को अपने जीवन का संकल्प बना लिया, एक ऐसी रानी जिसने अपनी प्रजा को ही अपने संतान के रूप में देखा और एक ऐसी शासिका जिसने शत्रुओं को दिखा दिया कि स्नेह और प्रेम जहॉ एक स्त्री को समर्पण की मूर्ति बना देता है, वहीं जब वह अपने हाथ में तलवार लेकर रणभूमि में उतर पड़ती है तो एक बार यमराज को भी युद्ध छोड़कर भागने को विवश होना पड़ता है..... ऐसी ही थी हमारी अहिल्याबाई होलकर, जिसने भारतीय नारी शक्ति के गौरव को इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों में उकेरा। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक श्री राजेश सिंह ने भी समारोह को संबोधित किया तथा देवी अहिल्याबाई होलकर के महान कार्यो का स्मरण किया।

इस अवसर पर सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त श्री विनय मिश्रा, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पंकज देवांगन, सत्येन्द्र दुबे, मुकुंद सिंह कंवर, प्रताप सिंह कंवर, अजय गोंड़, ममता यादव, राकेश वर्मा, उर्वशी राठौर, सरोज शांडिल्य, चैतन सिंह मैत्री, सीमा कंवर, राधा बाई, सुलोचना यादव, सुनीता देवी चौहान, प्रीति शर्मा, चंदा देवी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, नरेन्द्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव, वरिष्ठ नागरिक राजेश सिंह, एस.के. मजूमदार, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, जोन कमिश्नर भूषण उरांव व प्रकाश चन्द्रा, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, उप जोन प्रभारी सुमित गुप्ता, विनोद गोंड़, स्वाति कश्यप, अरविंद सिंह आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।